सार-समाचार

शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ कल से

छबड़ा (निसं)। कस्बे में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ 17 सितंबर से हो जाएगा। शिविरों में आमजन से जुड़े कई कार्य होंगे। कार्यवाहक ईओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि वेयर हाउस के निकट स्थित सामुदायिक भवन में 17, 18, 19 व 20 सितम्बर को वार्ड एक से पांच तक, इंद्रा कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में 23, 24 व 25 सितंबर को वार्ड छह से दस तक, नगर पालिका में 26, 27 व 29 सितंबर को वार्ड ग्यारह से पंद्रह तक, पुरानी अदालत के पास स्थित सामुदायिक भवन में 1, 3 व 4 अक्टूबर को वार्ड सौलह से बीस तक, पुराने नगर पालिका भवन में 6, 7, 8 अक्टूबर को वार्ड ईक्कीस से पच्चीस तक, अम्बेडकर भवन में 9, 10, 11 व 13 अक्टूबर को वार्ड छब्बीस से तीस तक तथा टॉवर कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में 14, 15, 16 व 17 अक्टूबर को वार्ड इक्कतीस से पैंतीस तक के शिविर आयोजित होंगे। शिविर में साफ सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेंचवर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयो की साफ-सफाई व रिपेयर सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्रान्ट, कच्ची बस्ती, 69ए, कृषि भूमि), फायर एनओसी, स्ट्रीट लाइट, वेण्डर रजि., उपविभाजन, एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण सहित कई कार्य किए जाएंगे।

राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में उत्साह

छबड़ा (निसं)। कस्बे के डिवाइन स्कूल ऑफ़ एजुकेशन में पहली बार जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता हुईं। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का षुभारंभ एसीबी ओ जगदीश नागर ने किया तथा अध्यक्षता स्कूल की डायरेक्टर सोनू शर्मा ने की। प्रतियोगिता में प्रारंभिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के 14, 17 एवं 19 वर्षीय छात्र-छात्रा की राइफल शूटिंग तथा ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। वही, राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 10वीं ओपन साइट राइफल प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल कैंपस में किया गया है। राइफल शूटिंग 14 वर्षीय छात्र एवं छात्रा में 7-7 विद्यालयों ने सहभागिता की। जबकि 17 वर्षीय छात्र में 6 विद्यालय तथा छात्रा वर्ग में 3 विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग ने निर्णायक के रूप में देवेंद्र भार्गव, भारत सिंह, श्वेता गालव, गौरी राणा, सुनीता भार्गव, जितेंद्र कुशवाह, सोनू मेहरा एवं कल्याणप्रसाद शर्मा आदि को नियुक्त किया है। साथ ही, निजी प्रशिक्षक रविकांत पांचाल एवं गौरव कश्यप, कस्तूरचंद का भी सहयोग रहेगा।

पैर फिसलने से नदी में डूबा युवक, मौत

छबड़ा (निसं)। गुगोर गांव में स्थित पार्वती नदी में सोमवार को एक युवक पैर फिसलने से नदी में गिरकर डूब गया, घटना की सूचना पर पहुंची छबड़ा थाना पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की सहायता से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान कडी मशक्कत के बाद युवक को नदी से निकालकर छबडा चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मुंगावली मध्यप्रदेश निवासी विशाल सांसी (19) सोमवार को अपने भाई के साथ पार्वती नदी पर गया था, जहां पैर फिसल जाने से वह नदी में गिर गया तथा गहरे पानी मे डूब गया। इसकी सूचना पर छबडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय गोताखोरों की सहायता से सर्च ऑपरेशन शुरू करवाया गया। कडी मशक्कत के बाद युवक को नदी से निकाल लिया गया, इसके बाद युवक को छबडा चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चिकित्सकों की सहायता से शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

स्थगित की गई परीक्षाएं आज से

छबड़ा (निसं)। स्ववितपोशित कॉलेज में कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीए द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 23, 25 व 26 अगस्त तथा 8, 9 व 10 सितम्बर को होने वाली समस्त परीक्षाएं बरसात के मौसम के कारण कोटा विश्वविद्यालय द्वारा स्थगित कर दी गई थी। जिनकी रिवाइज दिनांक घोषित कर दी गयी है। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने बताया कि 23 अगस्त की परीक्षाएं 16 सितंबर, 25 अगस्त की परीक्षाए 17 सितंबर, 26 अगस्त की परीक्षाएं 18 सितम्बर, 8 सितम्बर की परीक्षाएं 26 सितम्बर, 9 सितंबर की परीक्षाएं 24 सितम्बर, 10 सितंबर की परीक्षाएं 25 सितम्बर को समय अनुसार परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी।

नशा मुक्ति ई-शपथ अभियान आयोजत

छबड़ा (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन महाविद्यालय में नशा मुक्ति ई-शपथ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने स्वयंसेवकों को अपने जीवन में कभी-भी किसी प्रकार का नशा नहीं करने की प्रेरणा दी। बैरवा ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज एवं विशेष कर युवा वर्ग को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है, क्योंकि आज के युवा वर्ग ज्यादातर नशे की बढती प्रवृत्ति के कारण अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। यहां सहायक आचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना इका के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

छबड़ा (निसं)। गुगोर माता मंदिर परिसर में जिला बैरवा महासभा की बैठक जिलाध्यक्ष जगदीश मायथा के आतिथ्य में संपन्न हुई। सामाजिक उत्थान सहित कई बिंदुओं पर चर्चा। ब्लॉक महामंत्री हंसराज बैरवा ने बताया कि यहां मोहनलाल मस्ताना, हेमराज बैरवा, भागचंद, रवींद्र बैरवा आदि रहे। यहां समाज में व्याप्त कुरीतियों, नुक्ता प्रथा, पहरावनी प्रथा, बर्तनदान, दहेज प्रथा आदि को बंद करने व बालिका शिक्षा पर जोर दिया। शिवचरण बैरवा ने बाबा साहेब के संविधान के अनुरूप अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने व कर्तव्य का पालन करने की बात कही। कोशाध्यक्ष डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने यहां आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

वार्षिकोत्सव मनाए जाने को लेकर चर्चा

छबड़ा (निसं)। कस्बे में सेन समाज के मंदिर पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें 11 नवंबर को वार्षिकोत्सव मनाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। यहां समाजबंधुओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। समाज मंदिर अध्यक्ष दामोदर सेन ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में 11 अक्टूबर दोपहर 2 बजे सेन समाज के मंदिर पर बैठक आयोजित की जाएगी। यहां रमेष, रामस्वरूप, अरविंद, रतनलाल, हरिशंकर, पुरुषोत्तम, लक्ष्मीनारायण, गिरजाषंकर, चम्पालाल, नीरज सहित क समाज बंधु मौजूद थे।

डांडिया महोत्सव 27 सितंबर को

कोटा, (निसं)। सनाढ्य ब्राह्मण महासभा राजस्थान कोटा जिला की विशेष बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कौशल के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला अध्यक्ष गिरिराज शर्मा की अध्यक्षता में सनाढ्य भवन, महावीर नगर कोटा में भव्य रूप से आयोजित की गई। बैठक में आगामी 27 सितंबर 2025 को भव्य दैवीय आराधना के प्रतीक विशाल डांडिया महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई और सभी आवश्यक तैयारियों के लिए सशक्त कार्ययोजना बनाई गई।

धाकड़ सेवा समिति की बैठक संपन्न

छबड़ा (निसं)। धाकड़ सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष धर्मा धाकड की अध्यक्षता संपन्न हुई। यहां पूर्व अध्यक्ष ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं पुरानी कार्यकारिणी भंग की गई। समाजबंधुओं ने माल्यार्पण कर नए अध्यक्ष आदि का स्वागत किया। यहां समाज को मजबूती प्रदान करने आदि पर चर्चा की।

ईनामी आरोपी गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में दो साल से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। सीआई राजेष खटाना ने बताया कि युवराज मीणा (37) पुत्र छीतरलाल निवासी अर्जुनराज थाना जावर जिला झालावाड़ को झालावाड़ से डिटेन किया। इस पर एक हजार रूपए का ईनाम भी घोषित था।

खाद के साथ अटेचमेंट देने वाली कम्पनियों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

कोटा, (निसं)। प्रदेश सरकार के बुलावे पर जयपुर पहुंचे भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने रविवार देर शाम मुखमंत्री भजनलाल शर्मा से वार्ता की है। जिसमें कृषि व किसान से विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद कुछ मामलों में परस्पर सहमति बनी है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिन के झालावाड़ में किसानों ने विभिन्न मांगों

- बिना उपभोक्ता की सहमति के नहीं लगेंगे स्मार्ट मीटर
- भारतीय किसान संघ की सरकार से वार्ता में बनी सहमति

किसान प्रतिनिधियों की मुख्यमंत्री के साथ वार्ता हुई है।

को लेकर अनिश्चितकालीन पड़ाव डाल दिया था। वहीं अन्य जिलों में भी ज्ञापन देखकर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा पत्र भेजकर और वार्ता करने के आश्वासन के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया था।

प्रान्त प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने फसल बीमा में 2023 में किसान विरोधी प्रावधान करने से किसानों को खड़ी फसल में हुए नुकसान का बीमा क्लेम से वंचित होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य खरीद कार्यक्रम निश्चित नही होने से खरीद के प्रति किसानों की आशंकाएं रहती हैं। इस दौरान विद्युत तंत्र के ओवरलोड व उतार-चढ़ाव के कारण किसानों को हो रहे नुकसान, अनुदानित खाद पर कंपनियों की ओर से दिए जा रहे अतिरिक्त उत्पाद (अटेचमेंट) पर रोक लगाने, विद्युत उत्पादन इकाइयों के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, दूध पर बकाया अनुदान जारी करने, दूध डेयरियों में भ्रष्टाचार, बंद राज किसान पोर्टल को शुरू करने, सहकारी समितियों में भ्रष्टाचार जैसे विषय उठाए।

मुख्यमंत्री के साथ वार्ता में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के साथ भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री तुलछाराम सिंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद धारणिया, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश गंदोलिया, जयपुर प्रान्त अध्यक्ष कालूराम बागड़ा, चित्तौड़ अध्यक्ष शंकरलाल नागर, प्रदेश प्रचार प्रमुख राजीव दीक्षित, जयपुर प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट, झालावाड़ से राधेश्याम गुर्जर शामिल थे।

इन मुद्दों पर बनी सहमतिः- प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर ने बताया कि वार्ता में फसल बीमा में सुधार हेतु किसान प्रतिनिधियों के साथ समिति गठित कर संशोधित फसल बीमा पॉलिसी तैयार करने, फसलों में नुकसान की आपदा अनुदान राशि बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखने, यूरिया व डीएपी के साथ जबरदस्ती अन्य अटेचमेंट देने वाली कंपनियों के विरुद्ध कार्यवाही का प्रावधान करने, विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण करण के लिए 33/11 केवी जीएसएस पर ऑटोमेटिक केपीसीटर लगाने, विद्युत तंत्र की उपलब्धता के अनुसार फसल सिंचाई के लिए 7 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिना उपभोक्ताओ को विश्वास में लिए स्मार्ट मीटर नहीं लगाने, दूध डेयरियों में भ्रष्टाचार की जांच करने व दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर का बकाया अनुदान जारी करने और राज किसान पोर्टल को तत्काल पुनः शुरु पर सहमति बनी हैं।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियाँ आज कोटा आयेंगे

- कई कार्यक्रम में शिरकत करेंगे

कोटा, (निसं)। भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां दो दिवसीय प्रवास पर मंगलवार दोपहर एक बजे कोटा पहुँचेंगे। डॉ.पूनियां कोटा पहुंचकर सर्किट हाऊस मे भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संवाद करेंगे। सर्किट हाऊस पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूनियां का स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा। भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व कोटा शहर जिला महामंत्री मुकेश विजय ने बताया कि पूनियाँ के कोटा आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और पार्टी संघनिष्ट सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा।

मुकेश विजय ने बताया कि डॉक्टर सतीश पूनियाँ कोटा में जनसंघ के संस्थापक सदस्य पूर्व शिक्षा मंत्री स्व.हरि कुमार औदीच्य की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पांजलि व शिक्षारत्न कार्यक्रम व रात्रि को श्री साँवरिया सेठजी मित्र मंडल कोटा संस्था द्वारा खड़े गणेशजी मंदिर रोड़ धरणीधर गार्डन के सामने आयोजित महाप्रसादी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। पूनियाँ भाजयुमो के पूर्व प्रदेश महामंत्री विकास शर्मा,पंडित अनिल औदिच्य के मातृ शोक व अन्य वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों के परिवार में मानवीय क्षति पर श्रद्धांजलि व परिवारजनों से दुखद घड़ी में सांत्वना हेतु निवास पर जायेंगे। तत्पश्चात महावीर नगर स्थित सनाढ्य भवन पर अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे।

महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन

कोटा, (निसं)। प्रगति शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रीको रानपुर कोटा में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राध्यापिकाओं ने हिन्दी दिवस से सम्बंधित अपने अपने विचार रखे। छात्राध्यापिकाओं ने हमारे देश में हिंदी भाषा को बोलने, सीखने तथा उसके महत्व से संबंधित अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ.सविता चौधरी ने हिंदी भाषा को मूल भाषा के रूप में स्वीकार करने तथा अपने दैनिक जीवन में उसका उपयोग बढाने पर जोर दिया।

खोया पाया

मैं मेरे मकान 1164 महावीर नगर प्रथम कोटा के कागज की जेरॉक्स कराने के लिए जेरॉक्स की दुकान पर गया था रास्ते में उक्त मकान का आवंटन पत्र कहीं खो गया है किसी को मिले तो सूचित करें-

जानकी लाल मालव

मो. 9001208440

अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन 15 से

रामगंजमण्डी, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा पटाखा विक्रताओं के लाइसेंस की सेवा के आवेदन ऑनलाईन ही स्वीकार किये जाने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। ऐसी स्थिति में इस वर्ष दीपावली के पर्व पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए ऑनलाईन अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किए जाने के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 सितम्बर सोमवार से किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर मंगलवार है। उपखण्ड मजिस्ट्रेट चारु (आईएएस) ने बताया कि उपखण्ड क्षेत्र में दीपावली के पर्व पर ग्रीन पटाखा बिक्री के ऑनलाईन अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए इच्छुक आवेदक या फर्म 15 से 30 सितम्बर तक अपना आवेदन निर्धारित दस्तावेज के साथ ऑनलाईन प्रक्रिया के द्वारा कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात एवं ऑफलाईन प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माने जाएंगे।

केन्द्रीय कारागृह में सघन चैकिंग की

कोटा, (निसं)। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को केन्द्रीय कारागृह में सघन चैकिंग की गई।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि शहर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अनिल सिंघल एवं शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक वृत्त द्वितीय गंगासहाय शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक वृत चतुर्थे मनीष शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक वृत पंचम लोकेन्द्र पालीवाल एवं पुलिस उप अधीक्षक एससी एसटी सेल के हरिराम सोनी के सुपरविजन में 20 थानों के थानाधिकारियों के नेतृत्व में 170 पुलिसकर्मियो व जेलकर्मियों द्वारा केन्द्रीय कारागृह के बंदियो के सामनों, बैरिक, लंगर, अस्पताल, हार्डकोर वार्ड की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से संयुक्त रूप से सघन तलाशी अभियान चलाया गया। शहर एसपी ने बताया कि सघन जांच अभियान के दौरान कारागृह एवं बंदियों के पास से कोई अवैध निषिद्ध सामग्री बरामद नही हुई है।

कोटा केन्द्रीय कारागृह में बंद बंदियों के सामानों की जांच की गई।

राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

मुकदमा नम्बर 99/2025

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सुरेन्द्र कुमार भार्गव पुत्र श्री चतुर्भुज शास्त्री 1-बी-13 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास मन्दिर राघव जी छबडा तहसील छबडा जिला बारां में प्रन्यासियों के परिवर्तन को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किये जाने के लिये प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 15.10.2025 है।

सहायक आयुक्त

देवस्थान विभाग, कोटा

मेला ग्राउण्ड का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष एवं मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय मेला दशहरा 2025 के आयोजन हेतु नगर निगम, कोटा दक्षिण की मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी की अगुवाई में निगम अधिकारियों के साथ प्रातः 10 बजे पूरे मेला परिसर का राउण्ड किया गया। मेला परिसर में रावण दहन स्थल का मौका मुआयना किया गया। रावण परिवार के पुतलों के आस-पास परिधि बनाई जाएगी।

विद्यार्थियों ने ओजोन सुरक्षा हेतु उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई

रामगंजमण्डी, (निसं)। मंगलम विद्या विहार में सोमवार को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग कोटा के तत्वावधान में ओजोन परत की सुरक्षा पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरपीसी की क्षेत्रीय अधिकारी योगिता सिंह व टीम तथा मंगलम सीमेंट के पर्यावरण अधिकारी पुष्पेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य विषय ओजोन परत की सुरक्षा एवं यूवी किरणों से होने वाले दुष्प्रभाव रखा गया। इसी क्रम में निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सौ से भी अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों ने अपने निबंधों व चित्रों के माध्यम से बताया कि ओजोन परत पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। यदि यह परत नष्ट हो जाए तो त्वचा कैंसर, आंखों की बीमारियाँ, पौधों की वृद्धि पर असर और जलवायु असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। विद्यार्थियों ने अनेक छायादार और औषधीय पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने संकल्प लिया कि वे न केवल अपने विद्यालय परिसर को हरित बनाएंगे बल्कि समाज में भी पर्यावरण संरक्षण अलख जगाएँगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से ओजोन सुरक्षा के बारे में जागरूक किया और उन्हें पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओजोन परत हमारे जीवन की रक्षा कवच है। इसकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ अध्यापिका प्रमिला गोदारा ने सभी का धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया।

नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एन.एस.एस. इकाई द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति महाअभियान के अंतर्गत विशेष शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य भारत को नशामुक्त बनाने के साथ ही युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर रखना है।

कैमिस्टों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ विरोध किया

कोटा, (निसं)। प्रदेशभर में आरजीएचएस (राजस्थान स्वास्थ्य सेवा योजना) के तहत लाभार्थियों को दवाईयाँ उपलब्ध कराने वाले प्रादेशिक दवा विक्रेता गहरे संकट में हैं।

कोटा में करीब 80 केमिस्ट स्टोर के लगभग 15 से 20 करोड़ रुपये बकाया भुगतान लंबित हैं, जबकि संपूर्ण हाड़ौती क्षेत्र में बकाया 50 करोड़ और पूरे राजस्थान में यह आंकड़ा लगभग 500 करोड रुपये तक पहुँच चुका है। आज प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के आव्हान पर आरजीएचएस अधिकृत केमिस्टों ने तीन दिवसीय विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर, हाथों में विरोधी पोस्टर लेकर अपने गुस्से और निराशा का इजहार किया।

प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के प्रदेश अध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय, प्रदेश सचिव रवि गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल एवं फाउंडर सुबोध अग्रवाल ने बताया कि सरकार द्वारा एमओयू के तहत तय 21 दिन में भुगतान का वादा, अब लगभग 180 दिनों से भी अधिक विलंब से लटका हुआ है। बिल रिजेक्शन, विभागीय असमंजसता और अनियमितता का शिकार व्यापारी दिन-प्रतिदिन बेहाल हो रहे हैं। संभागीय अध्यक्ष ने बताया कि कई बार डॉक्टर द्वारा पर्ची में संक्षिप्त बीमारी नाम लिखे जाने या वाइटल्स व टेस्टिंग रिपोर्ट न होने के बावजूद टीपीए बिल रिजेक्ट कर देता है।

कोटा में केमिस्टों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया है।

इस वजह से व्यापारी केवल अपनी गलती न होते हुए भी जिम्मेदार ठहराए जा रहे हैं। बीते चार वर्षों में 4 लाख से अधिक बिल बिना कारण रिजेक्ट किए गए, जिनकी समीक्षा तक नहीं की गई। बारां जिलाध्यक्ष एवं बूंदी जिलाध्यक्ष ने बताया कि होलसेलर भी दवाईयाँ सप्लाई करने से कतरा रहे हैं क्योंकि बिना भुगतान व्यवसाय चलाना असंभव हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय ने सरकार से आग्रह किया कि यह व्यवस्था तत्काल सुधारें ताकि विक्रेता भयमुक्त होकर समय पर लाभार्थियों को दवाइयाँ उपलब्ध करा सकें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल और केवल मरीजों को समय पर दवाईयाँ उपलब्ध कराना है। विक्रेताओं के लिए कार्यशील हेल्पलाईन की स्थापना हो और लंबित बिलों की निष्पक्ष समीक्षा कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। व्यापारी आगे भी जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलेगा, इसी तरह कड़ा विरोध करते रहेंगे।

संभागीय अध्यक्ष ने बताया कि सरकार बेनिफिशियरी यानी मरीज से आरजीएस के रूप में हर महीने अनुदान लेती है। और यह अनुदंती राजस्थान में लगभग 100 से 200 करोड़ रुपए हो जाता है बावजूद इसके केमिस्टों को समय पर पैसा नहीं मिलता। सरकार चाहे तो उस अनुदान से ही हर महीने केमिस्टों का बकाया चुकता किया जा सकता है।

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, कोटा

email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-501903

क्रमांकः ननिको(उ)/निर्माण/2025/4917-30 दिनांकः 11.09.2025

-:निविदा संशोधन सूचना:-

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 13/2025-26 निविदा क्रमांक 4755-68 दिनांक 29.08.2025 को जारी ई-निविदा के कार्य संख्या 03 व 04 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

शेष यथावत रहेगीं।

अधीक्षण अभियन्ता

नगर निगम, कोटा-उत्तर

राज.संवाद/सी/25/10028

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1868 **आपत्ति सूचना** दिनांकः-11.09.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अरुणा शर्मा पत्नी स्व. श्री अरविन्द कुमार शर्मा, श्रीमती अंकिता शर्मा, श्री अंकित शर्मा पिता स्व. श्री अरविन्द कुमार शर्मा निवासी चौमहला तहसील गंगधार जिला झालावाड़ (राज.) के द्वारा इस कार्यालय में ऑनलाईन आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर निजी खातेदारी की सम्परिवर्तित व्यावसायिक (पेट्रोल पम्प व फिलिंग स्टेशन) प्रयोजनार्थ भूमि राजस्व ग्राम-झालरबावडी पटवार हल्का बाडौलिया (वर्तमान झालरबावडी) तहसील रावतभाटा जिला चितौड़गढ के खसरा संख्या 318/153 रकबा 0.11 हैक्टेयर का नगर पालिका रावतभाटा द्वारा श्री अरविन्द कुमार पिता श्री हीरालाल शर्मा एवं श्री राहुल तिवारी पिता श्री ओमप्रकाश तिवारी निवासी ग्राम चौमहला तहसील गंगधार जिला झालावाड़ (राज.) को आंवटित की जाकर इनके पक्ष में 99 वर्षीय आधारित लीज डीड (पट्टा) क्रमांक 2017-18/03 दिनांक 25.08.2025 व पंजीयन दिनांक 29.08.2017 से जारी की गयी। आवेदक द्वारा भूखण्डधारी श्री अरविन्द कुमार शर्मा पिता श्री हीरालाल शर्मा निवासी चौमहला तहसील गंगधार जिला झालावाड़ (राज.) (जो आवेदक के पति/पिता है) की मृत्यु दिनांक 06.11.2020 को हो जाने के कारण उनके वैद्य वारिसान (स्वयं आवेदको) द्वारा उक्त भूमि/भूखण्ड के जाईन्दा उत्तराधिकारी होने की हैसियत से नामान्तरण/हस्तान्तरण अपने पक्ष में चाहा गया है।

अतः इस भूमि/भूखण्ड का उत्तराधिकारी नामान्तरण/हस्तान्तरण उपरोक्त प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती अरूणा शर्मा पत्नी स्व. श्री अरविन्द कुमार शर्मा, श्रीमती अंकिता शर्मा, श्री अंकित शर्मा पिता स्व. श्री अरविन्द कुमार शर्मा निवासी चौमहला तहसील गंगधार जिला झालावाड़ (राज.) के नाम पर पालिका द्वारा किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग/बैंक आदि को कोई उजर या आपत्ति हो, तो वे इस आपत्ति सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मियाद में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में लिखित में मय प्रमाणित साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा बाद मियाद प्राप्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक : 1573 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 11.09.2025

आवास संख्या 2-ग-39 केशवपुरा, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री बरकत अली पुत्र श्री चाँद खाँ को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री बरकत अली पुत्र श्री चांद खाँ मोहम्मद द्वारा दिनांक 22.06.1993 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री बरकत अली पुत्र श्री चाँद खाँ मोहम्मद द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 05.07.1993 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री सुरेश गांधी पुत्र श्री ओमप्रकाश गांधी को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री सुरेश गांधी पुत्र श्री ओमप्रकाश गांधी मुख्तार आम श्री बरकत अली पुत्र श्री चाँद खाँ मोहम्मद द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.07.1993 को श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश गांधी को किया गया। श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश गांधी का नाम दिनांक 25.06.1994 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश गांधी की मृत्यु दिनांक 08.12. 2003 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तातरण दिनांक 11.10.2013 को श्री सुरेश गांधी पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश गांधी के नाम किया गया। तत्पश्चात् श्री सुरेश गांधी पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश गांधी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 30.10.2013 को श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री गजानन्द शर्मा को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री गजानन्द शर्मा की मृत्यु दिनांक 22.12.2022 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों मे श्री कल्पेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री घनश्याम शर्मा एवं श्री राजन शर्मा पुत्र स्व. श्री घनश्याम शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 21.02.2025 को श्रीमती आशा शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा के पक्ष में किया गया। श्रीमती आशा शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-ग-39 केशवपुरा, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती आशा शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती आशा शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्रीमती आशा शर्मा पत्नी स्व. श्री घनश्याम शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा